आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दस प्रस्तावों को मिली मंजूरी, पुलिस कांस्टेबल, पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन के पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों को बीस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की घोषणा।
- बोधि यात्रा प्रतिनिधिमंडल से मिले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा–भारत तथा मेकांग गंगा सहयोग के सदस्य देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ करेगी यह यात्रा।
- अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार सहित अन्य विग्रहों में कल होगी प्राण प्रतिष्ठा, पवित्र अनुष्ठान और पूजन जारी।
- आगरा में नदी में डूबने से मरने वाली लड़कियों की संख्या छह हुई, सभी के परिजन को राज्य सरकार ने चार चार लाख रुपये की आर्थिक मदद का ऐलान किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ में हुई कैबिनेट बैठक में कुल दस प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश सरकार ने पुलिस कांस्टेबल, पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए बीस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को मंजूरी दी है। फैसलों की जानकारी देते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त हुए अग्निवीरों के लिए राज्य पुलिस और पीएसी में बीस प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही तीन साल की आयु छूट का लाभ भी दिया जाएगा।

**उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी आरक्षी, घोडसवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में बीस प्रतिशत पदों पर आरक्षण देने के संबंध में उत्तर प्रदेश में मंत्रिपरिषद ने बीस प्रतिशत हॉरिजोंटल आरक्षण देने का फैसला किया है। हॉरिजोंटल यानि जिस श्रेणी का व्यक्ति होगा अगर सामान्य का होगा तो सामान्य, एससी का होगा तो एससी, ओबीसी का तो होगा तो ओबीसी। ये अपने आप में एक बहुत बड़ा फैसला है।**

बैठक में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेक फास्ट और होमस्टे नीति–2025 को भी मंजूरी दी गई। इसके अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने एक से छह कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके अलावा प्रदेश में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बोधि यात्रा के तहत मेकांग गंगा सहयोगी देशों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। बोधियात्रा के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया के पांच प्रमुख देशों कम्बोडिया, लाओस, वियतनाम, म्यांमार और थाईलैंड के प्रतिनिधि, बौद्ध भिक्षु, टूर ऑपरेटर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भारत आए हैं। प्रतिनिधिमंडल से मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह यात्रा भारत तथा मेकांग गंगा सहयोग के सदस्य देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ करेगी। भगवान बुद्ध ने दुनिया को अहिंसा, मैत्री और करुणा का संदेश दिया। यह यात्रा भगवान बुद्ध के इन सभी संदेशों को व्यापकता तथा मजबूती प्रदान करने का माध्यम भी बनी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर कल लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी ने कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले ग्यारह वर्ष भारत की विरासत से विकास की एक बेहतरीन यात्रा है।

**भारत की विरासत को आजादी के बाद पहली बार पहचान मिली है। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण के शिलान्यास में भी आए और रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी आए मोदी जी का यशस्वी मार्गदर्शन और नेतृत्व है और तब ये चेंज आया है विरासत से विकास की इस यात्रा में सेवा सुरक्षा और सुशासन का बेहतरीन मॉडल देने का जो काम हुआ है।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में नौ से इक्कीस जून तक को ''मोदी सरकार के 11 साल, संकल्प से सिद्धि तक'' नाम से विशेष अभियान चलाएगी। इस अभियान के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया जाएगा।

**********

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश प्रसारित करने वाले दो सर्वदलीय शिष्टमंडल अपनी सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौट आए। डीएमके के सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस की यात्रा पूरी कर भारत लौटा है। समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि प्रतिनिधिमंडल को आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प के लिए सकारात्मक समर्थन मिला। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में एक अन्य

प्रतिनिधिमंडल अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की यात्रा पूरी कर कल वापस लौटा। राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर को अपनी यात्रा की जानकारी दी।

**********

इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इंडिया गठबंधन की कल नई दिल्ली में बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि इस मुद्दे पर सोलह राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

**********

अयोध्या में श्री राम मंदिर की पहली मंजिल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का पवित्र अनुष्ठान कल से शुरू हो गया। धार्मिक अनुष्ठान का समापन कल प्राण प्रतिष्ठा के साथ होगा।

मुख्य कार्यक्रम में मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ–साथ छह अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कई अन्य अतिथि शामिल होंगे।

**राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ–साथ छह अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाओं की स्थापना होगी। ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्य संपन्न करवा रहे हैं। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि प्रथम तल पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में शामिल न हों। श्रद्धालुओं को राम दरबार के दर्शन के लिए मंदिर ट्रस्ट बाद में तारीखों का एलान करेगा। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या**

**********

प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विविध गतिविधियां जारी हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही कल कानपुर के बिल्हौर विकास खंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जौनपुर जिले में कल कृषि विभाग की टीम ने किसानों को धान की सीधी बुआई, मक्का और अरहर की मेढ़ पर बुआई, उन्नतशील प्रजातियों के चयन और प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। अमरोहा में भी किसानों को कृषि अनुसंधानों के विषय में जानकारी दी गई।

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य के सैंतालिस जिलों मे मोटे अनाज  श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने की व्यापक योजना तैयार की है। यह योजना वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस की राज्य कार्य योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन के अंतर्गत संचालित की जाएगी। अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, सीतापुर समेत प्रदेश के सैंतालिस जिलों में इसकी तैयारी पूरी ली गई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के जरिए छोटे और मझोले किसानों को लाभान्वित करना है।

**********

आगरा में  सिकंदरा थानाक्षेत्र  में नगला नाथू के पास कल यमुना नदी में डूबने से मरने वाले लड़कियों की संख्या छह हो गई है। यह सभी छह लड़कियां कल नदी में नहाने के लिए उतरी थीं। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण सभी लड़कियां डूबने लगीं। स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया, जिनमें से चार लड़कियों की मौत हो गई थी। दो बच्चियों को जिंदा नदी से निकाल कल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। राज्य सरकार ने इस घटना में सभी मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से चार–चार लाख रुपये की आर्थिक मदद करने की घोषणा की है।

**********

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय –आईआईटी बीएचयू में ग्यारह जून से इक्कीस जून तक योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह शिविर प्रतिदिन सुबह छह बजे से सात बजे तक जिमखाना मैदान में चलेगा। यह जानकारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर राजेश कुमार ने कल दी।

**********